470/SHMCG/2022-23/विज्ञप्ति गोरखपुर दिनांक- 09-11-2022

कार्यालय,प्राचार्य शहीद राजा हरि प्रसाद मल्ल राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कालेज एवं अस्पताल बड़हलगंज,गोरखपुर।

विज्ञप्ति

उत्तर प्रदेश शासन,आयुष अनुभाग–2 लखनऊ के शासनादेश संख्या–573/71–आयुष–2015–10/2015,दिनांकः 28 मई 2015,एवं शासनादेश सं0–3103/96–आयुष–2–2017–10/2015 दिनाकः 27 अक्टूबर 2017 में निहित प्राविधानों/शर्तो के अधीन केन्द्रीय होम्योपैथी परिषद,नई दिल्ली,द्वारा निर्धारित मानकों की पूर्ति हेतु इस चिकित्सालय में 08 अतिथि प्रवक्ता (विषय विशेषज्ञ–01 पद एनाटमी ,01 पद फिजियोलॉजी, 01 पद सर्जरी, 01 पद कम्यूनिटी मेडिसिन, 01 पद आर्गेनान आफ मेडिसिन, 01 पद रिर्पटरी, 01 पद एफ0एम0टी0, 01 पद आब्स/गायनी) को मानदेय पर रखने हेतु भारत के नागरिकों से निर्धारित प्रारूप पर शैक्षिक/व्यवसायिक तथा आयु एवं जाति सम्बन्धी प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रतियों सहित दिनांकः 08. 12.2022 को सायः 05:00 बजे तक रजिस्ट्रर्ड डाक से आवेदन पत्र आंमत्रित किये जाते है।

कम सं0	पदनाम	रिक्तियॉं	श्रेणीवार विवरण			योग
			सामान्य	अ0 पिछड़ा वर्ग	अनूसूचित जाति	
1.	अतिथि प्रवक्ता	08	04	02	02	08

(क) शर्ते एवं प्रतिबन्ध –

1.अतिथि प्रवक्ता हेतु करार निष्पादन चयनित अभ्यर्थी के साथ किया जायेगा।उक्त करारता का कार्यकाल 01 वर्ष का होगा ।इस प्रकार से निष्पादित करार किसी भी एक पक्ष द्वारा और किसी भी समय 01 माह की सूचना अथवा एक माह का मानदेय भुगतान करके समाप्त किया जा सकता है

2. 01 वर्ष के पश्चात् यदि कोई अतिथि प्रवक्ता–विषय विशेषज्ञ, आगे कार्य करना चाहता है,तो उसका पुनः कार्य काल 01 वर्ष और बढ़ाया जायेगा। यदि कोई विषय विशेषज्ञ, किसी करार अवधि के पश्चात् कार्य नहीं करना चाहता है, तो उसकी जगह प्राचार्य द्वारा समिति के माध्यम से मेरिट लिस्ट/सूची के अगले कम सं0 में उपलब्ध एवं इच्छुक विषय विशेषज्ञ के साथ करार निष्पादित किया जा सकता है।जहॉं मेरिट लिस्ट/सूची उपलब्ध नही होगी, वहॉं पर विज्ञापन के माध्यम से चयन समिति द्वारा चयन किया जायेगा। समिति द्वारा किये गये चयन पर निदेशक के माध्यम से शासन का अनुमोदन प्राप्त किया जायेगा। उक्त व्यवस्था पूर्व में कार्यरत अतिथि प्रवक्तागण पर भी तत्कालिक प्रभाव से लागू होगी।

3. अतिथि प्रवक्ताओं के निर्धारित लेक्चरों में उपस्थिति एवं अन्य अनुशासनिक जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य होगें।

4. इस प्रकार के अतिथि प्रवक्ता किसी भी प्रकार के शासकीय सेवाओं में विनियमितीकरण अथवा पेन्शन सम्बन्धी सुविधाओं के हकदार नहीं होगें।

5. आमंत्रित अतिथि प्रवक्ताओं को 1500/–प्रति लेक्चर तथा 01 माह में अधिकतम(20,लेक्चर)रू0 30000.00 मानदेय प्रति माह भुगतान किया जायेगा अथवा शासन द्वारा समय समय पर यथा निर्धारित।

(ख) वांछित अर्हता/अनुभव आदि–

1. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान/परिषद से सम्बन्धित क्षेत्र में परास्नातक (एम0डी0) उपधि धारक हो।
2. ऐसे ख्याति प्राप्त चिकित्सक जिनका न्यूनतम व्यवसायिक अनुभव कम से कम 03 वर्ष एवं सम्बन्धित विषय में विशेष ज्ञान रखते हो।
3. आयु सीमा 65 वर्ष से अधिक न हो और पूर्ण स्वस्थ हो ।
4. आवेदन शुल्क– इस आमंत्रण हेतु कोई शुल्क नही लिया जायेगा ।

(ग) चयन प्रकिया –

1. चयन के लिए कुल 50 अंक निर्धारित होगें। स्नातक स्तर की प्रोंफेशनल परीक्षा के कुल प्राप्ताकं अंक के प्रतिशत अधिकतम का आधा 50 अंक। उदाहरणार्थ ,यदि किसी अभ्यथी के स्नातक स्तर की प्रोफेशनल परीक्षा में कुल 60 प्रतिशत अंक है,तो उसे 30 अंक दिये जायेगें।
2. चयन समिति द्वारा साक्षात्कार के प्राप्तांक के आधार पर मेरिट लिस्ट प्राचार्य द्वारा तैयार की जायेगी जिसे निदेशक होम्योपैथी उ0प्र0 के माध्यम से शासन का अनुमोदन प्रदान किया जायेगा।
3. प्रत्येक विषय विशेषज्ञ से अतिथि प्रवक्ता के रूप में करार निष्पादन हेतु अनुमोदन शासन द्वारा प्रदान किया जायेगा।
4. चयन/साक्षात्कार में आये अभ्यर्थियों को किसी प्रकार का यात्राा भत्ता देय नहीं होगा।

साक्षात्कार की तिथि :–साक्षात्कार की तिथि अलग से प्रकाशित किया जायेगा ।

प्रो0(डा0 अनिल कुमार सिंह)
कार्यावाहक प्राचार्य

आवेदन पत्र

आवेदित पद का नाम – अतिथि प्रवक्ता (विषय विशेषज्ञ)

आवेदित विषय..

1.आवेदक का नाम (हिन्दी में) ....
(अंग्रेजी में)..

स्व प्रमाणित नवीनतम फोटो चस्पा करे।

2. पिता / पति का नाम ....

3 जन्म तिथि (हाई स्कूल प्रमाण पत्र के अनुसार)..
4 लिंग .... राष्ट्रीयता...

5 वैवाहिक स्थिति......................जाति वर्ग..

6 स्थायी पता..

7 वर्तमान / पत्राचार का पता ....

8 फोन / मोबाइल नम्बर..

9 रजिस्ट्रेशन संख्या / दिनांकः ....

10 **शैक्षिक / व्यवसायिक योग्यता का विवरण**

परीक्षा का नाम	उत्तीर्ण वर्ष	विषय	बोर्ड / विश्वविद्यालय का नाम	प्राप्तांक प्रतिशत

11 अनिवार्य इन्टर्नशिप का विवरण..
12 व्यवसायिक अनुभव..
13 अन्य विवरण,यदि कोई हो..

स्थान / दिनांक

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर